AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

संस्कृति सुरभि में सजा प्रतियोगिताओं का मंच

लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं ने खेल प्रतियोगिताओं के साथ सांस्कृतिक आयोजनों में भी दिखाया हुनर

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में चल रहे खेलों के महाकुंभ संस्कृति सुरभि का तीसरा दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं के नाम रहा। यहां सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताओं का मंच सजा। हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में हुए कविता पाठ में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

खेल प्रतियोगिताओं में फुटबॉल, बास्केटबॉल, फेस प्रिंटिंग, टीशर्ट प्रिंटिंग, रंगोली सहित अनेक प्रतिस्पर्धाएं हुईं। खेल परिसर में चल रही बास्केटबॉल प्रतियोगिता में छात्रों में इंटीग्रल विवि और बीबीडी की टीमें फाइनल में पहुंचीं।

वहीं छात्राओं में लविवि मुख्य परिसर व बीबीडी की फाइनल में पहुंची। छात्राओं की कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में केकेसी की टीम प्रथम और बीबीडी की टीम रनरअप रही। वहीं लड़कों में सिटी लॉ कॉलेज की टीम ने प्रथम स्थान और नगर निगम कॉलेज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

लखनऊ विवि में संस्कृति सुरभि के तीसरे दिन कबड्डी में जोर-आजमाइश करते छात्रा। - संवाद

लड़कों के वॉलीबॉल मैच के फाइनल में प्रथम स्थान लविवि की लॉ फैकल्टी को मिला। बीडीडी की टीम द्वितीय स्थान पर रही, वहीं लड़कियों में बीबीडी की टीम प्रथम और लखनऊ विश्वविद्यालय ओल्ड कैम्पस की टीम द्वितीय स्थान पर रही। इस अवसर पर स्पोर्ट्स एवं कल्चरल कमेटी के निदेशक प्रो. सतीश चंद्र, द्वितीय परिसर के निदेशक प्रो. आरके सिंह, प्रो. बीडी सिंह, प्रो. मोहम्मद अहमद व बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

लविवि में संस्कृति सुरभि के आयोजन में नृत्य की प्रस्तुति देतीं छात्राएं। - संवाद

कैरम में प्रज्ञा व शतरंज में खुशी विजेता

लखनऊ। पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला विद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से इंटर फैकल्टी वार्षिक प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। पहले दिन कैरम व शतरंज की प्रतियोगिताएं हुई। कैरम में बीए प्रथम वर्ष की प्रज्ञा तिवारी पहला स्थान पाया। वहीं शतरंज में बीए प्रथम वर्ष की खुशी मिश्रा प्रथम विजेता रहीं। उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य प्रो. आरसी वर्मा ने किया। यहां शुक्रवार को टेबल टेनिस, बैडमिंटन, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, एथलेटिक्स 100, 200, 400, व 800 मीटर की रिले रेस, भाला फेंक, चक्का फेंक, गोला फेंक, ऊंची और लंबी कूद आदि की प्रतियोगिताएं होंगी।

■ बैडमिंटन में श्रेयसी व वेदांत को जीत का खिताब : बप्पा श्री नारायण वोकेशनल पीजी कॉलेज में तीन दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का बृहस्पतिवार को समापन हो गया। इसमें कुल 58 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में वीमेन सिंगल्स का खिताब श्रेयसी दीक्षित ने और मेंस सिंगल्स का खिताब वेदांत पंकज ने जीता। (संवाद)

प्रो. किरणलता बनीं 'स्वयं' की समन्वयक

लखनऊ। लखनऊ विवि के शिक्षाशास्त्र विभाग की प्रो. किरणलता डंगवाल को स्वयं (स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स) पोर्टल का समन्वयक नियुक्त किया गया है। यह पोर्टल ऐसा माध्यम है, जहां कक्षा नौ से लेकर परास्नातक तक सभी पाठ्यक्रमों की पाठ्य सामग्री निशुल्क उपलब्ध है। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि यह पहल डिजिटल शिक्षा को बढ़ाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच का विस्तार करने के लिए विवि की प्रतिबद्धता दर्शाती है। परिसर में पाठ्यक्रमों का सुचारू एकीकरण और संचालन सुनिश्चित करना शामिल होगा। (संवाद)

प्रो. गीतांजलि व प्रो. अनूप को जिम्मेदारी

लखनऊ। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने डीन एकेडमिक्स प्रो. गीतांजलि मिश्रा को एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) के क्रियान्वयन का नोडल अधिकारी नामित किया है। समाजकार्य विभाग में प्रो. अनूप भारतीय को एफिडेविसिस एंबेडेड डिग्री प्रोग्राम के क्रियान्वयन के लिए नोडल अफसर की जिम्मेदारी दी है। (संवाद)

961 विद्यार्थियों को बांटे गए टैबलेट

स्रोत : स्वयं

लखनऊ। लविवि के नवीन परिसर स्थित इंजीनियरिंग संकाय में बृहस्पतिवार को टैबलेट वितरण किया गया। मुख्यमंत्री युवा सशक्तीकरण योजना के तहत संकाय के 961 छात्र-छात्राओं को टैबलेट दिए गए। मुख्य अतिथि लखनऊ उत्तरी के विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि यह पहल छात्रों को डिजिटली सक्षम बनाएगी। डीन प्रो. एके सिंह, अरएलडी के नेता अनिल दुबे, डॉ. हिमांशु पांडेय, डॉ. जीशान अली आदि उपस्थित रहे। (संवाद)

पोस्टर मेकिंग में आदित्य रहे अव्वल

लखनऊ। लविवि के विधि संकाय में एलएलबी (इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम) के सातवें सेमेस्टर के छात्र आदित्य गौतम ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल किया है। इंटीग्रल यूनिवर्सिटी की ओर से सातवीं राष्ट्रीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आदित्य प्रथम रहे। डीन प्रो. बीडी सिंह ने शुभकामनाएं दीं। (संवाद)

JAGRAN CITY PAGE III

खेल और संस्कृति का संगम, तीसरे दिन भी दिखा उत्साह

जासं • लखनऊ: लवि के द्वितीय परिसर में चल रहे खेल महाकुंभ संस्कृति सुरभि के तीसरे दिन परिसर प्रतिभागियों के उत्साह से गूंजता रहा। सुबह छह बजे से ही विभिन्न प्रतियोगिताओं की शुरुआत हो गई, जिनमें छात्रों ने अपने हुनर व खेल कौशल का प्रदर्शन किया। कविता पाठ छात्र-छात्राओं की रचनात्मकता दिखी तो दूसरी ओर विभिन्न खेलों में जोश दिखा।

शुरुआत हिंदी और अंग्रेजी कविता पाठ प्रतियोगिता से हुई, जिसमें 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी कविताओं के माध्यम से सामाजिक मुद्दों, प्रकृति और संस्कृति को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इसके बाद खेल प्रतियोगिताओं में फुटबाल, बास्केटबाल, रंगोली, टी-शर्ट प्रिंटिंग और फेस पेंटिंग जैसे इवेंट्स हुए। बास्केटबाल में लड़कों के मुकाबले में इंटीग्रल यूनिवर्सिटी और बाबू बनारसी दास यूनिवर्सिटी (बीबीडी) की टीमें फाइनल में पहुंचीं, जबकि छात्राओं में लखनऊ विश्वविद्यालय (ओल्ड कैंपस) और बीबीडी की टीमें आमने-सामने होंगी। कबड्डी के मुकाबले में छात्राओं में केकेसी ने प्रथम स्थान और बीबीडी ने रनर-अप का खिताब जीता। छात्रों में सिटी लॉ कालेज ने पहला और अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कालेज की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। वालीबाल में छात्रों में लखनऊ विश्वविद्यालय ला फैकल्टी ने प्रथम और बीबीडी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। छात्राओं में बीबीडी की टीम ने लखनऊ विश्वविद्यालय ओल्ड कैंपस की टीम को हराया। कार्यक्रम के संयोजक डा. उप्रसेन वर्मा ने बताया कि इस बार 50 से अधिक विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के चार हजार से ज्यादा छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। खेलों के फाइनल और व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जा रहा है।

लवि के दूसरे कैंपस में संस्कृति सुरभि प्रतियोगिता में वालीबाल खेलतीं छात्राएं • लवि

अर्श को मिला पुरस्कार

जासं, लखनऊ: भाषा विश्वविद्यालय के फनकारिता और जनसंचार विभाग के छात्र अर्श रिजवी ने फोटोग्राफी प्रतियोगिता में रिकार्ड बनाया है। प्लेटफार्म यूनिकार्न बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड पुरस्कार में अर्श ने फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता में अर्श को 500 वोट में से कुल 486 वोट मिले हैं। अर्श की फोटो 100 फोटो में से इस प्रतियोगिता के लिए चुनी गई। कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने छात्र को बधाई दी।

समन्वयक बनीं डा. किरण

जासं, लखनऊ: लवि ने स्वयं पोर्टल (स्टडी वेब्स आफ एक्टिव-लर्निंग फार यंग एस्पायरिंग माइंड्स) के क्रियान्वयन के लिए डा. किरण लता डंगवाल को समन्वयक नियुक्त किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत छात्रों को डिजिटल माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डा. डंगवाल स्वयं के पाठ्यक्रमों को विश्वविद्यालय के शिक्षण में शामिल करने और उसके संचालन की जिम्मेदारी संभालेंगी।

आदित्य ने जीती प्रतियोगिता

जासं, लखनऊ: लवि विधि संकाय के एलएलबी के सातवें सेमेस्टर के छात्र आदित्य गौतम ने इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ द्वारा आयोजित सातवीं राष्ट्रीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आदित्य को सर्टिफिकेट आफ मेरिट, मेडल, और दो हजार रुपये का पुरस्कार मिला। प्रो. बंशीधर सिंह, डा. आरके सिंह, डा. राधेश्याम प्रसाद, डा. अनुराग ने जीत की बधाई दी।

LOKSATYA PAGE 2

टैबलेट पाकर छात्रों के खिले चेहरे

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत टैबलेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नीरज बोरा, विधायक, लखनऊ उत्तर विधानसभा एवं विशिष्ट अतिथियों को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डीन प्रो. एके सिंह ने कहा कि तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में यह पहल छात्रों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाएगी और उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक होगी। उन्होंने कहा, स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना का उद्देश्य न केवल छात्रों को डिजिटल उपकरण उपलब्ध कराना है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सक्षम बनाना भी है। यह युवा इसे अपनाकर अपने कौशल का विकास करेंगे, वही देश और समाज के सशक्त स्तंभ बनेंगे। आप सभी के हाथों में टैबलेट जैसे उपकरण सिर्फ एक गैजेट नहीं, बल्कि आपके भविष्य की नींव रखने का माध्यम है। विश्वविद्यालय के 961 छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए।

वितरण

- लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में कार्यक्रम

कहा कि आज की दुनिया में शिक्षा के साथ-साथ कौशल का विकास भी अत्यंत आवश्यक है। केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावहारिक कौशल ही आपको सफलता के शिखर पर पहुंचाएगा। टैबलेट जैसे उपकरणों से आप नई तकनीकों, प्रोग्रामिंग, डिजाइनिंग, और अन्य डिजिटल कौशलों में महारत हासिल कर सकते हैं। मुख्य अतिथि डॉ. नीरज बोरा ने स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों और युवाओं के प्रति उनके दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज का युग तकनीक और ज्ञान का युग है। जो युवा इसे अपनाकर अपने कौशल का विकास करेंगे, वही देश और समाज के सशक्त स्तंभ बनेंगे। आप सभी के हाथों में टैबलेट जैसे उपकरण सिर्फ एक गैजेट नहीं, बल्कि आपके भविष्य की नींव रखने का माध्यम है। विश्वविद्यालय के 961 छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए।

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू विधि संकाय के छात्र आदित्य गौतम विजेता

लखनऊ। एलयू विधि संकाय के एलएलबी इंटीग्रेटेड कोर्स के सप्तम सेमेस्टर छात्र आदित्य गौतम ने इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में आयोजित सातवीं राष्ट्रीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। आदित्य को इनाम के तौर पर सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट, मेडल और दो हजार की धनराशि से पुरस्कृत किया गया। विधि संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. बंशीधर सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

लखनऊ विश्वविद्यालय में गुरुवार को 961 बीटेक छात्रों को टैबलेट वितरित किए गए

टैबलेट मात्र गैजेट नहीं, भविष्य की नींव: डॉ. नीरज

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के तहत टैबलेट वितरण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि लखनऊ उत्तर विधानसभा विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि आज का युग तकनीक और ज्ञान का है। जो युवा इसे अपनाकर कौशल का विकास करेंगे, वही देश और समाज के सशक्त स्तंभ बनेंगे। आप सभी के हाथों में टैबलेट सिर्फ गैजेट नहीं बल्कि भविष्य की नींव रखने का माध्यम है।

एलयू में स्वयं पोर्टल की समन्वयक बनीं डॉ. किरण

लखनऊ। एलयू में एनईपी के तहत स्वयं पोर्टल के लिए शिक्षाशास्त्र विभाग की डॉ. किरण लता डंगवाल को समन्वयक नियुक्त किया गया है। इस संबंध में कुलसचिव की ओर से पत्र जारी कर दिया गया है। वहीं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत एईडीपी के लिए प्रो. अनूप भारतीय और एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स के लिए प्रो. गीतांजलि मिश्रा को नोडल अफसर नामित किया गया है।

RAHSTRIAYA SAHARA PAGE 5

खेल प्रतियोगिता का आयोजन

लखनऊ (एसएनबी)। जानकीपुरम स्थित लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में महाकुम्भ संस्कृति सुरभि के खेल प्रतियोगी का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 100 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। इसके अलावा फुटवाल, बास्केटबाल, फेस प्रिंटिंग, टीशर्ट प्रिंटिंग, रंगोली सहित अनेक प्रतिस्पर्धाएं हुईं, जिसमें सारी टीमें लगातार अपनी अपनी विजय के लिए संघर्षरत दिखे। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स एवं कल्चरल कमेटी के निदेशक प्रो. सतीश चंद्र, द्वितीय परिसर के निदेशक प्रो. आरके सिंह, विधि संकाय अधिष्ठिता प्रो. बीडी सिंह, कुलनुशासक प्रो. मोहम्मद अहमद, स्पोर्ट्स इंचार्ज अनुराग श्रीवास्तव मौजूद थे।

विधि संकाय के छात्र आदित्य बने विजेता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय विधि संकाय के एलएलबी (इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम) के सप्तम सेमेस्टर के छात्र आदित्य गौतम ने इंटीग्रल यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित सातवीं राष्ट्रीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विजेता बने। इस दौरान आदित्य को इनाम के रूप में सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट, मेडल एवम रु. 2,000 की धनराशी से पुरस्कृत किया गया। विधि संकाय के संकाय अध्यक्ष प्रो. बंशीधर सिंह, डॉ. आरके सिंह (निदेशक द्वितीय परिसर), डॉ. राधेश्याम प्रसाद (फैकल्टी कोऑर्डिनेटर, मूट कोर्ट एसोसिएशन), डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने छात्र की जीत पर शुभकामनाएं दी।

AMRIT VICHAR PAGE 4

डॉ. किरण लता डंगवाल बनीं समन्वयक

अमृत विचार, लखनऊ: लविवि में नवीन डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से शिक्षार्थियों को सशक्त बनाने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से जारी निर्देशों के अनुरूप स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव-लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स पहल के कार्यान्वयन के लिए डॉ. किरण लता डंगवाल को समन्वयक नियुक्त किया है। यह पहल डिजिटल शिक्षा को बढ़ाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच का विस्तार करने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

लविवि के विधि संकाय के छात्र आदित्य गौतम बने विजेता

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय विधि संकाय के एलएलबी के 7वें सेमेस्टर के छात्र आदित्य गौतम इंटीग्रल यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित 7वीं राष्ट्रीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विजेता बने। विधि संकाय के संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर बंशीधर सिंह, डॉ. आरके सिंह, डॉ. राधेश्याम प्रसाद, डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने छात्र को शुभकामनाएं दीं।

PIONEER PAGE 3

स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के तहत बीटेक के छात्रों को किया गया टैबलेट वितरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत गुरूवार को टैबलेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नीरज बोरा, विधायक, लखनऊ उत्तर विधानसभा एवं विशिष्ट अतिथि अनिल दुबे, राष्ट्रीय प्रवक्ता, राष्ट्रीय लोकदल थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलगीत और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो. ए.के. सिंह ने मुख्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डीन प्रो. ए.के. सिंह ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में यह पहल छात्रों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाएगी और उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक होगी। उन्होंने कहा, स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना का उद्देश्य न केवल छात्रों को डिजिटल उपकरण उपलब्ध कराना है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सक्षम बनाना भी है।

साथ ही उन्होंने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि टैबलेट का उपयोग उनकी शिक्षा और करियर को उन्नत बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। विशिष्ट अतिथि अनिल दुबे ने अपने उद्बोधन में युवाओं के कौशल विकास पर जोर देते हुए कहा कि आज की दुनिया में शिक्षा के साथ-साथ कौशल का विकास भी अत्यंत आवश्यक है।

केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावहारिक कौशल ही आपको सफलता के शिखर पर पहुंचाएगा। टैबलेट जैसे उपकरणों का उपयोग करके आप नई तकनीकों, प्रोग्रामिंग, डिजाइनिंग, और अन्य डिजिटल कौशलों में महारत हासिल कर सकते हैं। यह युग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, और अन्य नवीन तकनीकों का है। यदि आप अपने कौशल को विकसित करेंगे, तो आप न केवल अपने करियर को एक नई दिशा देंगे, बल्कि भारत को आत्मनिर्भर और प्रगतिशील राष्ट्र बनाने में योगदान देंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में उतारकर युवा आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकते हैं।

मुख्य अतिथि डॉ. नीरज बोरा ने अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद के आदर्शों और युवाओं के प्रति उनके दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का युग तकनीक और ज्ञान का युग है। जो युवा इसे अपनाकर अपने कौशल का विकास करेंगे, वही देश और समाज के सशक्त स्तंभ बनेंगे। आप सभी के हाथों में टैबलेट जैसे उपकरण सिर्फ एक गैजेट नहीं, बल्कि आपके भविष्य की नींव रखने का माध्यम है। इसका सही उपयोग करके आप अपनी क्षमताओं को निखार सकते हैं।

शिक्षा और तकनीक का संगम आपको वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा। स्वामी विवेकानंद कहते थे, उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। इस विचार को आत्मसात कर आप सभी अपनी पहचान बना सकते हैं। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के 961 छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए और उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गईं।

एलयू विधि संकाय के आदित्य बने विजेता

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय विधि संकाय के एलएलबी (इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम) के सप्तम सेमेस्टर के छात्र आदित्य गौतम ने इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ की ओर से सातवीं राष्ट्रीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विजेता बने। आदित्य को इनाम के रूप में सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट, मेडल एवं धनराशि से पुरस्कृत किया गया। विधि संकाय के संकाय अध्यक्ष प्रो बंशीधर सिंह, डॉ. आरके सिंह (निदेशक द्वितीय परिसर), डॉ. राधेश्याम प्रसाद (फैकल्टी कोऑर्डिनेटर, मूट कोर्ट एसोसिएशन), डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने छात्र की जीत पर उसे शुभकामनाएं दी।

एलयू में स्वयं पोर्टल की समन्वयक बनीं डॉ. किरण

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय में एनईपी 2020 के तहत स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव-लर्निंग फॉरलखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में एनईपी 2020 के तहत स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव-लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स (स्वयं) के लिए शिक्षाशास्त्र विभाग की डॉ. किरण लता डंगवाल को समन्वयक नियुक्त किया गया है। इस संबंध में कुलसचिव की ओर से पत्र जारी कर दिया गया है। कुलसचिव दिवानंद त्रिपाठी ने बताया कि यह पहल डिजिटल शिक्षा को बढ़ाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच का विस्तार करने के लिए विवि की प्रतिबद्धता को दर्शाती है प्रोफेसर गीतांजलि, अनूप बने नोडल अफसरएलयू में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत अप्रेंटिसशिप एंबेडेड डिग्री प्रोग्राम (एईडीपी) के क्रियान्वयन के लिए प्रो. अनूप भारतीय और एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स के लिए प्रो. गीतांजलि मिश्रा को नोडल अफसर नामित किया गया है।

TOI PAGE 2

LU appoints nodal officer for AEDP

Lucknow: Lucknow University appointed social work department Professor Anoop Kumar Bhartiya as the nodal officer for an apprenticeship-embedded degree programme (AEDP) that allows students to combine academic education with on-the-job training as part of their undergraduate degree.

The nodal officer was appointed to ensure the implementation of the AEDP guidelines as set by the UGC under NEP.

"There is need to bridge the gap between 'what is taught in the class' and 'what is required by industry'. The competencies required by the industry need to be embedded in university curriculum so that education-employability gap is bridged. Apprenticeship has a considerable role to play in bridging this gap," said Bhartiya. He said the programme enables a student admitted to an undergraduate programme of any higher educational institution to pursue apprenticeship training as an integrated component of degree programme. TNN

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

खेलों के महाकुम्भ में 100 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में चल रहे खेलों के महाकुम्भ संस्कृति सुरभि के तृतीयदिन भी प्रतियोगी छात्रों से परिसर भरा रहा। सुबह 6 बजे से ही तृतीय दिन की सुरुवात हो गयी थी।

प्रतियोगिताओ के इस दंगल में तृतीय दिवस हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमे 100 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। उधर खेलों में जिसमे तीसरे दिन फुटबाल बास्केट बाल, फेसप्रिंटिंग, टीशर्टप्रिंटिंग, रंगोली सहित अनेक प्रतिस्पधाएं हुई जिसमे सारी टीमें लगातर अपनी अपनी विजय के लिए संघर्षरत दिखे। खेल परिसर में चल रहे बास्केटबाल प्रतियोगिता में लड़कों में इंटिगरल विश्वविद्यालय एवं बाबू बनारसीदास की टीमें फाइनल में पहुँची वही लड़कियो में लखनऊ विश्वविद्यालय ओल्ड कैम्पस एवं बीबीडी फाइनल में पहुँची। लड़कियो के कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में में केड्डकेड्डसीड्ड की टीम प्रथम एवं बीड्डबीड्डडीड्ड की टीम रनर-अप रही वही लड़कों में सिटी ला कॉलेज की टीम ने प्रथम स्थान एवं टीम नगर निगम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लड़कों के वालीबाल मैच के फाइनल में प्रथम स्थान लखनऊ विश्वविद्यालय की लॉ फैकल्टी प्रथम एवं बीडीडी की टीम द्वितीय स्थान पर रही, वही लड़कियो में बीबीडी की टीम प्रथम एवं लखनऊ विश्वविद्यालय ओल्ड कैम्पस की टीम द्वितीय स्थान पर रही।

इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स एवं कल्चरल कमेटी के निदेशक प्रो सतीश चंद्र, द्वितीय परिसर के निदेशक प्रो आरड्डके सिंह, विधि संकाय अधिष्ठिता प्रो बीड्डडीड्डसिंह, कुलनुशासक प्रो, मोहम्मद अहमद, स्पोर्ट्स इंचार्ज अनुराग श्रीवास्तव एवं अन्य प्रोफेसर समय समय पर आयोजन के संबंध में अनुशासन एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए मौके पर मौजूद रहे। जानकारी के लिए बता दे लखनऊ यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष डा उप्रसेन वर्मा ने बताया की इस कार्यक्रमों लगभग साठ से अधिक इवेंट है जिसमे 50 से अधिक विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र सम्मिलित है। इस कार्यक्रम मे चार हजार से अधिक बच्चे प्रतिभाग लिए हुए है, बाकी की सभी प्रतियोगिताये अभी निरंतर चल रही है जिनके परिणाम चौथे दिन तक आएंगे तथा इनके एकल प्रतिभागियो कों चौथे दिन ही मेडल एवं मोमेंटो के साथ सम्मानित कर दिया जायेगा बाकी टीम खेलों का सम्मान समारोह पांचवे दिन शाम 4 बजे से लेकर रात साढ़े नौ बजे तक वितरित किया जायेगा।



लखनऊ विश्वविद्यालय विधि संकाय के छात्र आदित्य गौतम विजेता बने

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि विधि संकाय के एलएल.बी. (इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम) के सप्तम सेमेस्टर के छात्र आदित्य गौतम ने इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ की ओर से आयोजित सातवीं राष्ट्रीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विजेता बने। आदित्य को इनाम के रूप में सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट, मेडल एवम ?2,000 की धनराशि से पुरस्कृत किया गया। विधि संकाय के संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर बंशीधर सिंह, डॉ. आर.के.सिंह (निदेशक द्वितीय परिसर), डॉ. राधेश्याम प्रसाद (फैकल्टी कोऑर्डिनेटर, मूट कोर्ट एसोसिएशन), एवम डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने छात्र की जीत पर उसे शुभकामनाएं दी।

तकनीकी शिक्षा छात्रों को डिजिटल रूप से सशक्त बनायेगी : प्रो. ए.के. सिंह

- स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के तहत बीटेक छात्रों का टैबलेट वितरण समारोह संपन्न

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत टैबलेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नीरज बोरा, विधायक, लखनऊ उत्तर विधानसभा एवं विशिष्ट अतिथि अनिल दुबे, राष्ट्रीय प्रवक्ता, राष्ट्रीय लोकदल थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलगीत और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो. ए.के. सिंह ने मुख्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डीन प्रो. ए.के. सिंह ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में यह पहल छात्रों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाएगी और उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक होगी। उन्होंने कहा, स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना का उद्देश्य न केवल छात्रों को डिजिटल उपकरण उपलब्ध कराना है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सक्षम बनाना भी है। साथ ही उन्होंने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि टैबलेट का उपयोग उनकी शिक्षा और करियर को उन्नत बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। विशिष्ट अतिथि श्री अनिल दुबे ने अपने उद्बोधन में युवाओं के कौशल विकास पर जोर देते हुए कहा, ह्लआज की दुनिया में शिक्षा के साथ-साथ कौशल का विकास भी अत्यंत आवश्यक है। केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावहारिक कौशल ही आपको सफलता के उपयोग करके आप नई तकनीकों, प्रोग्रामिंग, डिजाइनिंग, और अन्य डिजिटल कौशलों में महारत हासिल कर सकते हैं। यह युग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, और अन्य नवीन तकनीकों का है। यदि आप अपने कौशल को विकसित करेंगे, तो आप न केवल अपने करियर को एक नई दिशा देंगे, बल्कि भारत को आत्मनिर्भर और प्रगतिशील राष्ट्र बनाने में योगदान देंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में उतारकर युवा आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सक